DAINIK JAGRAN, LUCKNOW
Wednesday, November 10, 2010

'टीसीएस आईटी विज' 16 को

ज्ञान की परीक्षा

- प्रश्नोत्तरी के लिए 12 नवंबर तक स्कूल कर सकते है आवेदन
- कक्षा 8 से कक्षा 12 तक के विद्यार्थियों को मिलेगा मौका

लखनऊ, 9 नवंबर (जासंट) : देश में स्कूलों की सबसे बड़ी तकनीक प्रश्नोत्तरी 'टीसीएस आईटी विज' के उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखण्ड क्षेत्रीय संस्करण का आयोजन 16 नवंबर को संत गाडगे सभागार में किया जा रहा है। लखनऊ क्षेत्रीय संस्करण के फाइनल में एक हजार विद्यार्थी भागीदारी करेंगे। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) की ओर से आयोजित इस राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम में तकरीबन दो लाख विद्यार्थियों के शामिल होने की उम्मीद है।

टीसीएस आपरेशन के राजधानी के प्रमुख जयंत कृष्णा ने बताया कि टीसीएस आईटी विज कक्षा आठ से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए खुला है। किसी संस्था से एक से अधिक टीम (दो सदस्य प्रति टीम) भी प्रतिभाग कर सकती है। इच्छुक संस्थाएं प्रविष्टियां 12 नवंबर तक पता-संकल्प शर्मा, टीसीएस आई विज समन्वयक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, अवध पार्क विभूति खण्ड गोमती नगर पर भेज सकते है। स्कूलों का इस साल आनलाइन रजिस्ट्रेशन भी कराया जा रहा है। इसकी विस्तृत जानकारी फोन नंबर 0522-66611321 एवं 9235620529 से प्राप्त कर सकते है। क्विजमास्टर गिरी बालासुब्रमण्यम प्रश्नोत्तरी का संचालन करेंगे। आईएएस अतुल कुमार गुप्ता बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित होंगे और सम्मानित अतिथि प्राविधिक विवि के कुलपति प्रो.कृपाशंकर रहेंगे।